"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2010-2012."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 33] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 13 अगस्त 2010—श्रावण 22, शक 1932

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 31 जुलाई 2010

क्रमांक ई-01-01/2010/एक/2.—श्री हिमशिखर गुप्ता, भा. प्र. से. (2007) अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया, जिला कबीरधाम को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, महासमुन्द के पद पर पदस्थ किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सरजियस मिंज, मुख्य सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2010.

रायपुर, दिनांक 28 जुलाई 2010

क्रमांक एफ 1-7/2002/1-7.— इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 21-07-2009 द्वारा श्रीमती निर्मला सिंह, (सेवानिवृत्त) सीनियर जिला एवं सत्र न्यायाधीश को विभागीय जांच आयुक्त के पद पर 01 वर्ष के लिये संविदा नियुक्ति प्रदान की गई थी. राज्य शासन एतद्द्वारा श्रीमती सिंह की संविदा नियुक्ति अवधि में 02 वर्ष (दिनांक 21-07-2010 से 20-07-2012 तक) की वृद्धि प्रदान करता है. शेष शर्तें पूर्ववत् रहेगी.

2. यह सहमति वित्त विभाग के यू.ओ. क्रमांक 367/सी. एफ/26793/बजट-5/वित्त/चार 2010, दिनांक 20-07-2010 द्वारा प्रदान की गई है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. एल. सोनी, अवर सचिव.

रायपुर, दिनांक 3 अगस्त 2010

क्रमांक ई 7-10/2005/1/2.— श्री अजयपाल सिंह, भा. प्र. से., तत्का. आयुक्त, स्थानीय निधि संपरीक्षा, रायपुर को दिनांक 22-09-2009 से 05-10-2009 तक (14 दिवस) का लघुकृत अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 18, 19, 20 एवं 21 सितम्बर, 2009 को घोषित शासकीय अवकाश को भी जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

2. अवकाश काल में श्री सिंह को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

3. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मुकुन्द गजभिये, अवर सचिव.

रायपुर, दिनांक 27 जनवरी 2010

क्रमांक एफ 9-2/2010/1-8.— श्री अमन कुमार सिंह (पूर्व भारतीय राजस्व सेवा) को कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी के पद के विरुद्ध सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के पद पर तीन वर्ष अथवा आगामी आदेश तक संविदा नियुक्ति दी जाती है तथा इन्हें सचिव, मुख्यमंत्री और ऊर्जा विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा जाता है.

2. श्री अमन कुमार सिंह की संविदा नियुक्ति की शर्तें बाद में प्रसारित की जावेगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विजय कुमार सिंह, अवर सचिव.

गृह (पुलिस) विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 28 जुलाई 2010

क्रमांक/एफ 1/11/दो गृह/भापुसे/2001.— राज्य शासन एतद्द्वारा श्री आनंद तिवारी, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण, पुलिस मुख्यालय, रायपुर को पारिवारिक कारणों से दिल्ली जाने के लिये दिनांक 27-7-2010 से दिनांक 31-07-2010 तक कुल 05 दिवस का अर्जित अवकाश एवं दिनांक 01-08-2010 का शासकीय विश्राम अवकाश स्वीकृत करता है.

2. श्री आनंद तिवारी, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण, पुलिस मुख्यालय, रायपुर को उक्त अवकाश अवधि में वही वेतन एवं भत्ते देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर प्रस्थान करने के पूर्व प्राप्त हो रहे थे.

3. अवकाश से लौटने पर श्री आनंद तिवारी, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण, पुलिस मुख्यालय, रायपुर के पद पर पदस्थ होंगे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री आनंद तिवारी, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण, पुलिस मुख्यालय, रायपुर अवकाश पर नहीं जाते तो कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 30 जुलाई 2010

क्रमांक/एफ 1/07/दो गृह/भापुसे/2005.— राज्य शासन एतद्द्वारा श्री अंकित कुमार गर्ग, भा. पु. से., पुलिस अधीक्षक, महासमुन्द (छ. ग.) को व्यक्तिगत कारणों से दिनांक 19-07-2010 से 24-07-2010 तक कुल 06 दिवस के अर्जित अवकाश तथा दिनांक 17, 18 एवं 25-07-2010 के शासकीय विज्ञप्त अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करता है.

2. श्री अंकित कुमार गर्ग, भापुसे. को उक्त अवकाश अवधि में वही वेतन एवं भत्ते देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर प्रस्थान करने के पूर्व प्राप्त हो रहे थे.

3. अवकाश से लौटने पर श्री अंकित कुमार गर्ग, भा.पु.से., पुलिस अधीक्षक, महासमुन्द (छ. ग.) के पद पद पदस्थ होंगे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अंकित कुमार गर्ग, भा.पु.से., पुलिस अधीक्षक, महासमुन्द (छ. ग.) अवकाश पर नहीं जाते तो कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 30 जुलाई 2010

क्रमांक/एफ 1/11/दो गृह/भापुसे/2007.— राज्य शासन एतद्द्वारा श्री अभिषेक शांडिल्य, भा. पु. से., एसडीओपी, मैनपुर जिला रायपुर, छ. ग. को स्वयं के विवाह हेतु दिनांक 08-07-2010 से दिनांक 27-07-2010 तक कुल 20 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत करता है.

2. श्री अभिषेक शांडिल्य, भा. पु. से., एसडीओपी, मैनपुर जिला रायपुर, छ. ग. को उक्त अवकाश अवधि में वही वेतन एवं भत्ते देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर प्रस्थान करने के पूर्व प्राप्त हो रहे थे.

3. अवकाश से लौटने पर श्री अभिषेक शांडिल्य, भा. पु. से., एसडीओपी, मैनपुर जिला रायपुर के पद पद पदस्थ होंगे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अभिषेक शांडिल्य, भा. पु. से., एसडीओपी, मैनपुर जिला रायपुर, छ. ग. अवकाश पर नहीं जाते तो कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 31 जुलाई 2010

क्रमांक/एफ 1/14/दो गृह/भापुसे/2007.-- राज्य शासन एतद्द्वारा श्री राम गोपाल, भापुसे, एसडीओपी, बीजापुर, छ. ग. को सपाल्विक खंड वर्ष 2010-11 के अंतर्गत गृह नगर भटिंडा (पंजाब) जाने हेतु दिनांक 19-07-2010 से दिनांक 31-07-2010 तक कुल 13 दिवस के अर्जित अवकाश तथा दिनांक 17-18 जुलाई 2010 के शासकीय विज्ञप्त अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति सहित अवकाश यात्रा सुविधा (एल.टी.सी.) की स्वीकृति प्रदान करता है.

2. श्री राम गोपाल, भापुसे, एसडीओपी, बीजापुर, छ. ग. को उक्त अवकाश अवधि में वही वेतन एवं भत्ते देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर प्रस्थान करने के पूर्व प्राप्त हो रहे थे.

3. अवकाश से लौटने पर श्री राम गोपाल, भापुसे, एसडीओपी, बीजापुर, छ. ग. के पद पद पदस्थ होंगे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राम गोपाल, भापुसे, एसडीओपी, बीजापुर, छ. ग. अवकाश पर नहीं जाते तो कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. एल. सिरदार, अवर सचिव.

गृह (सामान्य) विभाग
(विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ)
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 13 मई 2010

विभागीय परीक्षा माह अगस्त, 2010 का सूचना तथा कार्यक्रम

क्रमांक एफ 9-53/दो-गृह/परीक्षा/2010.—छत्तीसगढ़ शासन के उन अधिकारियों को (जिनके लिये विभागों द्वारा विभागीय परीक्षा निर्धारित की गई हो) विभागीय परीक्षा सोमवार, दिनांक 16 अगस्त से 23 अगस्त, 2010 तक रायपुर/बिलासपुर/बस्तर (जगदलपुर) तथा सरगुजा संभाग के आयुक्तों द्वारा नियत किये जाने वाले स्थानों में निम्नांकित कार्यक्रमों के अनुसार होगी. नीचे सूची में दर्शाये अनुसार विभागाध्यक्ष/जिलाध्यक्ष अपनी जानकारी उपरोक्तानुसार संबंधित परीक्षा केन्द्र के आयुक्त को उपलब्ध करायें.

सोमवार, दिनांक 16-08-2010

क्रमांक (1)	प्रश्नपत्र (2)	समय (3)
1.	पहला प्रश्नपत्र दाण्डिक विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) भू-अभिलेख एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के लिए.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
2.	पंजीयन विधि तथा प्रक्रिया पंजीयन विभाग के अधिकारियों के लिये (केवल अधिनियम तथा नियम की पुस्तकों सहित)	
3.	विधि तथा प्रक्रिया-उत्पादन शुल्क/आबकारी विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित)	
4.	विधि तथा प्रक्रिया-विक्रय कर विभाग के अधिकारियों के लिये (केवल नियमों की पुस्तकों सहित)	
5.	पहला प्रश्नपत्र-सहकारिता (बिना पुस्तकों के) सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लियें	
59.	विद्युत संबंधी विधियां-ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के लिये (बिना पुस्तकों के)	
	सोमवार, दिनांक 16-08-2010	
6.	दूसरा प्रश्नपत्र-दाण्डिक विधि तथा प्रक्रिया दाण्डिक मामलों में आदेश/निर्णय का लिखा जाना भू-अभिलेख विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के लिये.	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
7.	दूसरा प्रश्नपत्र सहकारिता तथा सामान्य विधि (पुस्तकों सहित) सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिये.	
8.	समाज कल्याण (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये	
60.	भू-योजना तथा विद्युत सुरक्षा-ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री एवं पर्यवेक्षकों के लिये (बिना पुस्तकों के)	

मंगलवार, दिनांक 17-08-2010

(1)	(2)	(3)
9.	पहला प्रश्नपत्र-प्रशासनिक राजस्व विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) भाग-"ए" आदिमजाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	
10.	पहला प्रश्नपत्र प्रशासनिक राजस्व विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) राजस्व भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये भाग-"बी".	
11.	पहला प्रश्नपत्र प्रशासनिक राजस्व विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) राजस्व भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये भाग-"सी".	
12.	उद्योग विभाग संबंधी अधिनियम तथा नियम उद्योग विभाग के अधिकारियों के लिये	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
13.	प्रश्नपत्र-खनिज प्रबंध (पुस्तकों सहित) (नैसर्गिक संसाधन) खनिज साधन विभाग के अधिकारियों के लिये.	
14.	लेखा तथा कार्यालयीन प्रक्रिया-प्रथम प्रश्नपत्र पंजीयन विभाग के अधिकारियों के लिये (बिना-पुस्तकों के).	
61.	विद्युत संस्थापनायें ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री एवं पर्यवेक्षकों के लिये (बिना-पुस्तकों के)	
	मंगलवार, दिनांक 17-08-2010	
15.	दूसरा प्रश्नपत्र-प्रशासनिक राजस्व विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) राजस्व भू-अभिलेख, आदिमजाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	
16.	प्रक्रिया विकास योजनाओं राज्यों के साधनों राज्य के नियम पुस्तिकाओं आदि का ज्ञान उद्योग विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित)	
17.	तीसरा प्रश्नपत्र बैंकिंग (बिना पुस्तकों के) सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिये	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
18.	समाज शिक्षा (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये	
19.	लेखा तथा कार्यालयीन प्रक्रिया-द्वितीय प्रश्नपत्र पंजीयन विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित)	
62.	लेखा व स्थापना ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री एवं पर्यवेक्षकों के लिये. (बिना पुस्तकों के)	
	बुधवार, दिनांक 18-08-2010	
20.	तीसरा प्रश्नपत्र-प्रशासनिक, राजस्व विधि तथा प्रक्रिया, राजस्व के मामले में आदेश का लिखा जाना, राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
21.	पुस्तपालन तथा कर निर्धारण विक्रयकर विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित)	

बुधवार, दिनांक 18-08-2010

(1)	(2)	(3)
22.	प्रश्नपत्र प्रथम वन विधि (बिना पुस्तकों के) सहायक वन संरक्षकों के लिये	
23.	पहला प्रश्नपत्र-प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) वन क्षेत्रपालों के लिये	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
24.	पुलिस अधिकारियों की "व्यवहारिक परीक्षा"	
63.	स्विच गेयर तथा संरक्षण ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्रियों के लिये (बिना पुस्तकों के)	
	बुधवार, दिनांक 18-08-2010	
25.	कार्यालयीन संगठन तथा प्रक्रिया-विक्रयकर विभाग के अधिकारियों के लिये	
26.	सिविल विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये.	
27.	पुलिस अधिकारियों की "पुलिस शाखा" प्रश्नपत्र (बिना पुस्तकों के)	
28.	दूसरा प्रश्नपत्र-सामान्य विधि (पुस्तकों सहित) सहायक वन संरक्षकों के लिये.	
29.	तीसरा प्रश्नपत्र सामान्य विधि (पुस्तकों सहित) वन क्षेत्रपालों के लिये.	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
30.	स्थानीय शासन अधिनियम तथा नियम (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	
31.	चौथा प्रश्नपत्र सहकारी लेखा तथा परीक्षण (बिना पुस्तकों के) भाग-1, लेखा भाग-2 सहकारिता लेखा परीक्षण सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिये.	
32.	समाज शास्त्र (पुस्तकों सहित) आदिमजाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये	
64.	विद्युत रोधन समन्वय तथा परिसंकट ग्रस्त इंसूलेशन की आर्डिनेशन व हजार्ड एस. एरिया ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री (वि. सु.) के लिये (बिना पुस्तकों के)	
	गुरुवार, दिनांक 19-08-2010	
33.	प्रथम प्रश्नपत्र-लेखा (बिना पुस्तकों के) सहायक कलेक्टरों, डिप्टी कलेक्टरों, तहसीलदारों, नायब-तहसीलदारों तथा राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिये.	
34.	प्रश्नपत्र-प्रथम लेखा (बिना पुस्तकों के) आदिमजाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
35.	प्रश्नपत्र-प्रथम लेखा (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	
36.	प्रश्नपत्र न्यायिक शाखा (बिना पुस्तकों के) पुलिस विभाग के अधिकारियों के लिये	

बुधवार, दिनांक 18-08-2010

(1)	(2)	(3)
37.	लेखा (पुस्तकों सहित) उत्पाद शुल्क/आबकारी विभाग के अधिकारियों के लिये	
38.	लेखा (लेखा पुस्तकों सहित) आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अधिकारियों के लिये	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
39.	लेखा (पुस्तकों सहित) उद्योग विभाग के अधिकारियों के लिये	
40.	लेखा (पुस्तकों सहित) नैसर्गिक संसाधन विभाग के अधिकारियों के लिये	

गुरुवार, दिनांक 19-08-2010

(1)	(2)	(3)
41.	लेखा (पुस्तकों सहित) जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों के लिये	
42.	द्वितीय प्रश्नपत्र लेखा (पुस्तकों सहित) डिप्टी कलेक्टरों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिये.	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
43.	द्वितीय प्रश्नपत्र लेखा (पुस्तकों सहित) आदिमजाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये	
44.	द्वितीय प्रश्नपत्र लेखा (पुस्तकों सहित) पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये	

शुक्रवार, दिनांक 20-08-2010

(1)	(2)	(3)
45.	सिविल पशु चिकित्सा सेवा विभाग के अधिकारियों के लिये प्रश्नपत्र भाग-1 (बिना पुस्तकों के) पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के लिये.	
46.	प्रथम प्रश्नपत्र लेखा भाग-1 मत्स्यपालन विभाग के अधिकारियों के लिये (बिना पुस्तकों के)	
47.	प्रथम प्रश्नपत्र लेखा (पुस्तकों सहित) कृषि सेवा कार्यपालन प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के अधिकारियों के लिये.	
48.	प्रथम प्रश्नपत्र विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) डेयरी विभाग के अधिकारियों के लिये	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
49.	प्रश्नपत्र-द्वितीय छत्तीसगढ़ मूलभूत तथ्य और ग्रामीण विकास, जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित)	
50.	द्वितीय प्रश्नपत्र लेखा (बिना पुस्तकों के) वन क्षेत्रपालों के लिये	
65.	पंचायत राज प्रशासन (विधि तथा प्रक्रिया) सहायक कलेक्टरों, डिप्टी कलेक्टरों, तहसीलदारों, अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, जिला कार्यालय के अधीक्षक, ग्रामीण विकास विभाग के विकास खण्ड अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक, क्षेत्र संयोजक, विकास खंड अधिकारी के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के लिये.	

शुक्रवार, दिनांक 20-08-2010

(1)	(2)	(3)
51.	सिविल पशु चिकित्सा सेवा विभाग के अधिकारियों का लेखा प्रश्नपत्र भाग-2 पशु चिकित्सा सेवा विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित)	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
52.	प्रश्नपत्र लेखा भाग-2 मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों के लिये	
53.	सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिये किसी मामले में आदेश/प्रतिवेदन लिखने की व्यवहारिक परीक्षा (पुस्तकों सहित)	
54.	तृतीय प्रश्नपत्र प्रक्रिया तथा लेखा (पुस्तकों सहित) सहायक वन संरक्षकों के लिये	
55.	द्वितीय प्रश्नपत्र लेखा (बिना पुस्तकों के) कृषि कार्यपालन प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी के अधिकारियों के लिये.	
56.	द्वितीय प्रश्नपत्र लेखा तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) डेयरी विकास विभाग के अधिकारियों के लिये	
57.	प्रश्नपत्र तृतीय अनु. जा. तथा आदिवासी (अनु. जनजाति) विकास, जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित)	
	सोमवार, दिनांक 23-08-2010	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
58.	हिन्दी निबंध तथा हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद सभी विभागों के अधिकारियों के लिये	

नोट :-

1. सहायक कलेक्टरों, डिप्टी कलेक्टरों, राज्य के अधीनस्थ सिविल सेवाओं के सदस्य, भू-अभिलेख कर्मचारियों तथा कलेक्टरों और राजस्व आयुक्तों के कार्यालय के अधीक्षकों को सूचित किया जावे कि विभागीय परीक्षा गृह विभाग द्वारा नये संशोधित नियमों के अन्तर्गत प्रसारित अधिसूचना क्रमांक एफ 3-54/98/दो-ए (3), दिनांक 19-03-99 एवं एफ 3-102/90/दो-ए (3) के पाठ्यक्रम के अनुसार होगी. नये नियमों के अन्तर्गत पंचायत राज प्रशासन विधि एवं प्रक्रिया से संबंधित प्रश्न भी अनिवार्य रूप से रखा गया है.

2. उम्मीदवारों को सूचित किया जावे कि जिन प्रश्नपत्रों में पुस्तकों की सहायता ली जाना है, उन्हें विभागीय परीक्षा के लिये कलेक्टर कार्यालय से पुस्तकें नहीं दी जावेंगी उन्हें अपनी स्वयं की पुस्तकें लानी होगी.

3. सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को जो परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक हों, अपना नाम उचित माध्यम से सीधे अपने विभागाध्यक्षों को भेजना चाहिये. यह भी स्पष्ट किया जावें कि परीक्षार्थी राजपत्रित/अराजपत्रित है, का भी उल्लेख किया जावे.

4. सामान्य प्रशासन विभाग (हरिजन आदिवासी सेल) के ज्ञापन क्रमांक 1/15/77/-1/ह.स. से दिनांक 15 जनवरी, 1978 के अनुसार विभागीय परीक्षा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों को उत्तीर्ण होने के लिये 10 प्रतिशत अंकों तक छूट दी जाती है. अत: ऐसे परीक्षार्थी तत्संबंध में अपना प्रमाण-पत्र अपने विभागाध्यक्ष/जिलाध्यक्षों/आयुक्तों को प्रस्तुत करेंगे.

इन प्रमाण-पत्रों को गृह (सामान्य) विभाग, (विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ) को नहीं भेजे जावें. संबंधित विभागाध्यक्ष/जिलाध्यक्ष परीक्षा में भाग लेने वाले व्यक्तियों की सूची के साथ प्रमाण-पत्र संबंधित परीक्षा केन्द्रों के आयुक्तों को दिनांक 26-07-2010 तक भेजेंगे. जिन परीक्षार्थियों द्वारा प्रमाण-पत्र विभागाध्यक्षों के माध्यम से संबंधित आयुक्त को प्रस्तुत नहीं किये जावेंगे, उन्हें इस प्रकार की सुविधा प्राप्त नहीं होगी. वे प्रमाण-पत्र आयुक्त कार्यालय में रखे जावेंगे.

5. समस्त परीक्षा केन्द्र आयुक्तों से निवेदन है कि परीक्षा में सम्मिलित जिन परीक्षार्थियों द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रमाण-पत्र उन्हें प्राप्त होंगे उनको शासन को भेजे जाने वाली सूची में स्पष्ट रूप से उल्लेख करें.

रायपुर, दिनांक 31 जुलाई 2010

क्रमांक एफ 9-106/गृह-दो/परीक्षा/2010.— विभागीय ज्ञापन क्रमांक एफ 3-54/98/दो. ए. (3) वि. प. प्र. दिनांक 19 मार्च 1999 के द्वारा निर्मित विभागीय परीक्षाओं के लिये नियम के नियम-2 परीक्षा के विषय की टिप्पणी में निम्नानुसार अंश जोड़ा जाता है :—

"जिस अधिकारी ने राष्ट्रीय लालबहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी, मसूरी में प्रशिक्षण पर रहने की अवधि में दाण्डिक एवं सिविल विधि प्रक्रिया संहिता विषय की परीक्षायें उत्तीर्ण कर ली हैं, उसे प्रदेश की विभागीय परीक्षा में इन विषयों की परीक्षा से छूट दी जाती है".

2. उक्त संशोधन, अधिसूचना जारी होने के दिनांक से प्रभावशील होंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. एन. उपाध्याय, सचिव.

जल संसाधन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 31 जुलाई 2010

क्रमांक एफ. 01-31/31/स्था./2010.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री ए. के. खरे, अधीक्षण अभियंता (रूपा.), प्रभारी मुख्य अभियंता (प्रबोधन) कार्या. प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग रायपुर एवं परियोजना निदेशक, छ. ग. सिंचाई विकास परियोजना स्टेट डाटा सेन्टर रायपुर को अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक (वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों सहित) प्रभारी मुख्य अभियंता, हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग बिलासपुर (श्री बी. एल. राय के पदोन्नति से रिक्त पद) में पदस्थ करता है.

2. श्री पी. आर. चौरसिया, अधीक्षण अभियंता (रूपा.) छत्तीसगढ़ सिंचाई विकास परियोजना, स्टेट डाटा सेन्टर रायपुर द्वारा अपने वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ परियोजना निदेशक, छ. ग. सिंचाई विकास परियोजना, स्टेट डाटा सेन्टर रायपुर का आगामी आदेश तक कार्य संपादित करेंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. डी. दीवान, उप-सचिव.

श्रम विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 31 जुलाई 2010

क्रमांक एफ 10-18/10/16.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (क्रमांक 14 सन् 1947) की धारा 39 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं इस विषयक पूर्व में जारी समस्त अधिसूचनाओं को अधिष्ठित करते हुए, राज्य शासन एतद्द्वारा निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 34 के अधीन प्रयोज्य शक्ति, श्रीमती सविता मिश्रा, प्रभारी उपश्रमायुक्त द्वारा संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के लिये प्रयोग में लायी जायेगी.

No. F 10-18/10/16.—In exercise of powers conferred by Section 39 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947) and in supersession of all previous notifications on the subject, the State Government hereby direct that the power under section 34 of the said act shall be exercisable by Smt. Savita Mishra, Incharge Deputy Labour Commissioner for whole of the Chhattisgarh State.

रायपुर, दिनांक 2 अगस्त 2010

क्रमांक एफ 10-19/2010/16.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (क्रमांक 14 सन् 1947) की धारा 7 तथा धारा 33-बी द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा इस विषय पर पूर्व में जारी की गई समस्त अधिसूचनाओं को अतिष्ठित करते हुए, राज्य शासन एतद्द्वारा :—

(अ) उक्त अधिनियम के अधीन द्वितीय अनुसूची में उल्लेखित किसी भी विषय से संबंधित औद्योगिक विवादों का न्याय निर्णय करने तथा ऐसे कृत्यों को जो उन्हें सौंपे जायें, पालन करने के लिये नीचे दी गई सारणी के कॉलम (2) में उल्लेखित श्रम न्यायालयों का गठन करते हुए उन न्यायालयों को तद्नुसार औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (क्रमांक 14 सन् 1947) के अंतर्गत सशक्त करता है, परन्तु यह सशक्तिकरण उन्हीं कॉलम (3) में उल्लेखित पीठासीन अधिकारियों को सशक्त करेगा जिनकी सेवावधि श्रम न्यायालय के पीठासीन अधिकारी के पद पर 3 वर्ष या उससे अधिक होगी :—

अ. क्र. (1)	नाम श्रम न्यायालय (2)	पीठासीन अधिकारी (3)
1.	श्रम न्यायालय, दुर्ग	पीठासीन अधिकारी, दुर्ग
2.	श्रम न्यायालय, राजनांदगांव	पीठासीन अधिकारी, राजनांदगांव
3.	श्रम न्यायालय, रायपुर	पीठासीन अधिकारी, रायपुर
4.	श्रम न्यायालय, जगदलपुर (बस्तर)	पीठासीन अधिकारी, जगदलपुर (बस्तर)
5.	श्रम न्यायालय, बिलासपुर	पीठासीन अधिकारी, बिलासपुर
6.	श्रम न्यायालय, अंबिकापुर	पीठासीन अधिकारी, अंबिकापुर
7.	श्रम न्यायालय, रायगढ़	पीठासीन अधिकारी, रायगढ़
8.	श्रम न्यायालय, कोरबा	पीठासीन अधिकारी, कोरबा

(ब) उक्त एक्ट के अधीन समस्त कार्यवाहियां जो पूर्व की अधिसूचनाओं के अधीन संबंधित स्थानों पर गठित श्रम न्यायालयों के समक्ष लंबित थी, से प्रत्याहरित करता है और उन्हें वर्तमान अधिसूचना के अधीन गठित तत्स्थानीय श्रम न्यायालयों को अंतरित करता है और आदेश देता है कि वे श्रम न्यायालय जिनकी कार्यवाहियां उक्त प्रकार से अंतरित की गई, उक्त कार्यवाहियों को उसी प्रक्रम से आगे चलायेंगे, जिस पर कि वे उक्त प्रकार से अंतरित हुई है.

No. F 10-19/2010/16.—In exercise of the powers conferred by Section 7 and 33-B of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), and in supersession of all previous notifications issued on this subject, the State Government hereby, order :—

(A) To constitute Labour Court as mentioned in column number (2) of the table mentioned below and empower them under the provision of Industrial Disputes Act, 1947 (No. 14 of 1947) to adjudicate any subject of Industrial Dispute which appears in the IInd Schedule of the aforementioned Act, and to discharge the duties assigned to them but by this order only those presiding officer of Labour Courts are empowered who have completed 3 years service as presiding officer in Labour Court.

TABLE

S. No. (1)	Name of Labour Court (2)	Presiding Officer (3)
1.	Labour Court, Durg	Presiding Officer, Durg
2.	Labour Court, Rajnandgaon	Presiding Officer, Rajnandgaon
3.	Labour Court, Raipur	Presiding Officer, Raipur
4.	Labour Court, Jagdalpur (Bastar)	Presiding Officer, Jagdalpur (Bastar)
5.	Labour Court, Bilaspur	Presiding Officer, Bilaspur
6.	Labour Court, Ambikapur	Presiding Officer, Ambikapur
7.	Labour Court, Raigarh	Presiding Officer, Raigarh
8.	Labour Court, Korba	Presiding Officer, Korba

(B) To withdraw all the pending cases under aforementioned Act in respective labour courts constituted by various previous notifications and transfers to respective Labour Courts hereby constituted and it is further ordered that transferee Labour Court will take further proceeding in such cases from the stage they are transferred to them.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. कुंजाम, उप-सचिव.

कृषि विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 26 जुलाई 2010

क्रमांक 2511/एफ-8-11/2010-11/14-2.— विभागीय पत्र क्रमांक 1344/एफ-8/4/2010-11/14-2 रायपुर, दिनांक 30-04-2010 के अनुक्रम में राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ, 2010 हेतु दुर्ग जिले के बेरला तहसील अंतर्गत फसल तुअर (अरहर) को राज्य शासन एतद्द्वारा परिभाषित क्षेत्र घोषित करती है.

शेष नियम एवं शर्तें यथावत् रहेगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रदीप कुमार दवे, उप-सचिव.

वन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 23 जुलाई 2010

क्रमांक एफ 5-58/2005/10-2.—राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जारी पत्र क्रमांक 3-1/2003 पी. टी. (पुनर्वास) फरवरी, 2008 के निर्देश के अनुसार, संरक्षित क्षेत्रों में स्थित ग्रामों के विस्थापन एवं पुनर्वास हेतु छत्तीसगढ़ शासन, एतद्द्वारा बिलासपुर जिले में अचानकमार टायगर रिजर्व के कोर एरिया में स्थित वनग्रामों के विस्थापन एवं पुनर्वास हेतु जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति गठित करता है, जो निम्नानुसार है :—

स. क्र. (1)	नामांकित अध्यक्ष/सदस्य (2)	पदनाम (3)
(1)	कलेक्टर, बिलासपुर	अध्यक्ष
(2)	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बिलासपुर	सदस्य
(3)	सहायक आयुक्त, आदिमजाति कल्याण, बिलासपुर	सदस्य
(4)	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर	सदस्य
(5)	मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बिलासपुर	सदस्य
(6)	उप संचालक, कृषि, बिलासपुर	सदस्य
(7)	जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा विभाग, बिलासपुर	सदस्य
(8)	कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, बिलासपुर	सदस्य
(9)	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग, बिलासपुर	सदस्य
(10)	उप संचालक/वनमंडलाधिकारी, अचानकमार टायगर रिजर्व, बिलासपुर	सदस्य सचिव

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
यूनुस अली, विशेष सचिव.

रायपुर, दिनांक 23 जुलाई 2010

क्रमांक एफ 5-58/2005/10-2.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में वन विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 5-58/2005/10-2, दिनांक 23-07-2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
यूनुस अली, विशेष सचिव.

Raipur, the 23rd July 2010

No. F 5-58/2005/10-2.—As per directions vide letter No F. 3-1/2003-PT (relocation), February, 2008 issued by the National Tiger Conservation Authority, Ministry of Environment and Forest, Government of India for displacement and rehabilitation of villages situated in the protected areas, the Government of Chhattisgarh hereby Constitutes District Level Implementing Committee to displace and rehabilitate the forest villages situated in the core area of Achanakmar Tiger Reserve in Bilaspur District, which is as following :—

Serial No. (1)	Nominated Chairman/Member (2)	Designation (3)
(1)	Collector, Bilaspur	Chairman
(2)	Chief Executive Officer Jilla Panchayat, Bilaspur	Member
(3)	Assistant Commissioner Tribal Welfare, Bilaspur	Member
(4)	Executive Engineer, Public Works Department, Bilaspur	Member
(5)	Chief Medical Officer, Bilaspur	Member
(6)	Deputy Director, Agriculture, Bilaspur	Member
(7)	District Education Officer, Education Department, Bilaspur	Member
(8)	Executive Engineer, Chhattisgarh Power Distribution Company Limited, Bilaspur.	Member
(9)	Executive Engineer, Water Resources Department, Bilaspur	Member
(10)	Deputy Director/Divisional Forest Officer, Achanakmar Tiger Reserve Bilaspur.	Member Secretary

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
YUNUS ALI, Special Secretary.

रायपुर, दिनांक 23 जुलाई 2010

क्रमांक एफ 5-58/2005/10-2.—राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जारी पत्र क्रमांक 3-1/2003 पी. टी. (पुनर्वास) फरवरी, 2008 के निर्देश के अनुसार, संरक्षित क्षेत्रों में स्थित ग्रामों के विस्थापन एवं पुनर्वास हेतु छत्तीसगढ़ शासन, एतद्द्वारा, बिलासपुर जिले में अचानकमार टायगर रिजर्व के कोर एरिया में स्थित वनग्रामों के विस्थापन एवं पुनर्वास हेतु राज्य स्तरीय पर्यवेक्षण (मॉनिटरिंग) समिति गठित करता है, जो निम्नानुसार है :—

स. क्र. (1)	नामांकित अध्यक्ष/सदस्य (2)	पदनाम (3)
(1)	मुख्य सचिव	अध्यक्ष
(2)	प्रमुख सचिव, वन विभाग	सदस्य
(3)	प्रमुख सचिव, कृषि विभाग	सदस्य
(4)	प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग	सदस्य

(1)	(2)	(3)
(5)	सचिव, आदिमजाति कल्याण विभाग	सदस्य
(6)	सचिव, स्वास्थ्य विभाग	सदस्य
(7)	सचिव, शिक्षा विभाग	सदस्य
(8)	सचिव, ऊर्जा विभाग	सदस्य
(9)	सचिव, जल संसाधन विभाग	सदस्य
(10)	प्रधान मुख्य वन संरक्षक	सदस्य
(11)	अचानकमार टायगर कंजरवेशन फाउंडेशन का अशासकीय सदस्य	सदस्य
(12)	मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक	सदस्य सचिव

2. अशासकीस सदस्य का नामांकन पृथक से किया जाएगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
यूनुस अली, विशेष सचिव.

रायपुर, दिनांक 23 जुलाई 2010

क्रमांक एफ 5-58/2005/10-2.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में वन विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 5-58/2005/10-2, दिनांक 23-07-2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
यूनुस अली, विशेष सचिव.

Raipur, the 23rd July 2010

No. F 5-58/2005/10-2.— As per directions vide letter No F. 3-1/2003-PT (relocation), February, 2008 issued by the National Tiger Conservation Authority, Ministry of Environment and Forest, Government of India for displacement and rehabilitation of villages situated in the protected areas, the Government of Chhattisgarh hereby Constitutes State Level Monitoring Committee to displace and rehabilitate the forest villages situated in the core area of Achanakmar Tiger Reserve in Bilaspur District, which is as following :—

Serial No. (1)	Nominated Chairman/Member (2)	Designation (3)
(1)	Chief Secretary	Chairman
(2)	Principal Secretary, Forest Department	Member
(3)	Principal Secretary, Agriculture Department	Member
(4)	Principal Secretary, Public Works Department	Member
(5)	Secretary, Tribal Welfare Department	Member
(6)	Secretary, Health Department	Member
(7)	Secretary, Education Department	Member
(8)	Secretary, Energy Department	Member
(9)	Secretary, Water Resources Department	Member
(10)	Principal Chief Conservator of Forests	Member
(11)	Non Official member of Achanakmar Tiger Conservation foundation	Member
(12)	Chief Wild Life Warden	Member Secretary

2. The Non Official member shall be nominated separately.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
YUNUS ALI, Special Secretary.

पशुधन विकास विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 28 जून 2010

क्रमांक एफ 1-23/2009/35/स्था.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ पशु चिकित्सा तृतीय श्रेणी (कार्यपालक तथा अलिपिक वर्गीय) सेवा की भरती के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ.—**

(1) ये नियम "छत्तीसगढ़ पशु चिकित्सा तृतीय श्रेणी (कार्यपालक तथा अलिपिक वर्गीय) सेवा भर्ती नियम, 2009" कहलायेंगे.

(2) ये नियम "राजपत्र" में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. **परिभाषाएं.**— इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) सेवा या पद के संबंध में "नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है, ऐसे प्राधिकारी से हैं जिसे शासन द्वारा सेवा में नियुक्त करने की शक्तियां सौंपी गई हो,

(ख) "समिति" से अभिप्रेत है, राज्य शासन द्वारा गठित चयन समिति,

(ग) "परीक्षा" से अभिप्रेत है, इन नियमों के नियम 11 के अंतर्गत भरती के लिये ली गई प्रतियोगिता परीक्षा,

(घ) "शासन" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ शासन,

(ङ) "राज्यपाल" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल,

(च) "अनुसूची" से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची,

(छ) "अनुसूचित जाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथाविनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति,

(ज़) "अनुसूचित जनजाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथाविनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति,

(झ) "अन्य पिछड़े वर्ग" से अभिप्रेत है, राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर यथा संशोधित समसंख्यक अधिसूचना क्रमांक एफ-8-5-पच्चीस-4-84, दिनांक 26 दिसम्बर 1984 द्वारा यथा विनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग,

(ञ) "सेवा" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ पशु चिकित्सा तृतीय श्रेणी (कार्यपालक तथा अलिपिक वर्गीय) सेवा,

(ट) "राज्य" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य.

3. **विस्तार तथा प्रयुक्ति.**— छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में अंतर्विष्ट उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य को लागू होंगे.

4. **सेवा का गठन.**— सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात् :—

(1) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के समय, अनुसूची-एक में विनिर्दिष्ट पद मौलिक/स्थानापन्न रूप से धारण कर रहे हों.

(2) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के पूर्व सेवा में भर्ती किये गये हों,

(3) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किये गये हों.

5. **वर्गीकरण, वेतनमान इत्यादि.**— सेवा का वर्गीकरण, उससे संलग्न वेतनमान तथा सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या, अनुसूची-एक में अन्तर्विष्ट उपबंधों के अनुसार होगी.

परंतु शासन, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या में, समय-समय पर, स्थायी या अस्थायी तौर पर वृद्धि या कमी कर सकेगा.

6. **भर्ती का तरीका.**—

(1) इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात् सेवा में भरती, निम्नलिखित तरीकों से की जाएगी, अर्थात्:—

(क) प्रतियोगिता परीक्षा/चयन द्वारा सीधी भर्ती द्वारा,

(ख) सेवा के सदस्यों, जैसा कि अनुसूची-चार के कॉलम (2) में यथाविनिर्दिष्ट हैं, की पदोन्नति द्वारा,

(ग) ऐसे व्यक्तियों के स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति द्वारा, जो ऐसी सेवाओं में ऐसे पद मौलिक या स्थानापन्न रूप से धारण करते हों, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट किया जाये.

(2) उप-नियम (1) के खण्ड (ख) अथवा खण्ड (ग) के अधीन भर्ती किये गये व्यक्तियों की संख्या, किसी भी समय अनुसूची-एक में यथाविनिर्दिष्ट कर्त्तव्य पदों की संख्या के अनुसूची-दो में दर्शाये गये प्रतिशत से अधिक नहीं होगी.

(3) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, भरती की किसी विशिष्ट कालावधि के दौरान भरे जाने के लिये अपेक्षित सेवा में किसी भी विशेष रिक्ति या रिक्तियों को भरे जाने के प्रयोजन के लिये अपनाया जाने वाला भरती का तरीका या तरीके तथा प्रत्येक तरीके द्वारा भरती किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या, प्रत्येक अवसर पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सरकार के परामर्श से अवधारित की जावेगी.

(4) उप-नियम (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय में, सेवा की आवश्यकताओं को देखते हुए, ऐसा अपेक्षित हो, तो नियुक्ति प्राधिकारी, सामान्य प्रशासन विभाग की पूर्व सहमति से, सेवा में भरती के लिए उक्त उप-नियम में विनिर्दिष्ट तरीकों से भिन्न ऐसे अन्य तरीके अपना सकेगा, जैसा कि वह इस निमित्त जारी किये गये आदेश द्वारा विहित करे.

(5) सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए मेरिट के आधार पर चयन के लिए शासन द्वारा मापदण्ड विनिश्चित किये जायेंगे. तथापि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा इस हेतु एक चयन समिति गठित की जानी चाहिये, जो इन मापदण्डों के स्थान पर युक्तियुक्त मापदंड शासन की सहमति से अपना सकेगी.

(6) भर्ती के समय छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 के प्रावधान तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश लागू होंगे.

7. **सेवा में नियुक्ति.**—इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात् सेवा में समस्त नियुक्तियां, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जायेगी और ऐसी कोई भी नियुक्ति नियम 6 में विनिर्दिष्ट भर्ती के तरीकों में से किसी एक तरीके द्वारा चयन किये जाने के पश्चात् ही की जायेगी, अन्यथा नहीं.

8. **सीधी भर्ती के लिये पात्रता की शर्तें.**— प्रतियोगिता परीक्षा/चयन के लिए पात्र होने के लिए अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी, अर्थात् :—

(एक) **आयु.**—

(क) परीक्षा/चयन के प्रारंभ होने की तारीख के ठीक आगामी जनवरी के प्रथम दिन को उसने अनुसूची-तीन के कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट आयु पूरी कर ली हो, किन्तु उक्त अनुसूची के कॉलम (5) में यथाविनिर्दिष्ट आयु पूरी न की हो.

(ख) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़े वर्गों का हो, तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 5 (पांच) वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(ग) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार, महिला अभ्यर्थियों की उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 10 (दस) वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(घ) उन अभ्यर्थियों के संबंध में जो छत्तीसगढ़ सरकार के कर्मचारी हो या कर्मचारी रह चुके हों, उच्चतर आयु सीमा नीचे विनिर्दिष्ट की गई सीमा तथा शर्तों के अध्यधीन रहते हुये शिथिलनीय होगी, अर्थात् :—

(एक) ऐसा अभ्यर्थी, जो छत्तीसगढ़ का स्थायी या अस्थायी शासकीय सेवक हो, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए.

(दो) ऐसा अभ्यर्थी, जो अस्थायी रूप से पद धारण कर रहा हो तथा किसी अन्य पद के लिये आवेदन कर रहा हो, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए. यह रियायत कार्यभारित कर्मचारियों तथा परियोजना कार्यान्वयन समिति में कार्यरत कर्मचारियों को भी अनुज्ञेय होगी.

(तीन) ऐसा अभ्यर्थी जो छटनी किया गया सरकारी सेवक हो, अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई समस्त अस्थायी सेवा की अधिक से अधिक 7 (सात) वर्ष तक की कालावधि, भले ही वह कालावधि एक से अधिक बार की गई सेवाओं का योग हो, कम करने के लिए अनुज्ञात किया जावेगा, किन्तु इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

स्पष्टीकरण :— शब्द "छटनी किये गये सरकारी सेवक" से तात्पर्य है, ऐसा व्यक्ति, जो इस राज्य की या किन्हीं संघटक इकाईयों की अस्थायी सरकारी सेवा में कम से कम छः मास की कालावधि तक निरन्तर रहा हो तथा जिसे रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने या शासकीय सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व स्थापना में कमी किये जाने के कारण सेवा मुक्त किया गया हो.

(चार) ऐसे अभ्यर्थी को, जो भूतपूर्व सैनिक हो अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई संपूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जायेगा, परन्तु इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

स्पष्टीकरण :— शब्द "भूतपूर्व सैनिक" (सामरिक) से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से हैं जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग में रहा हो तथा जो भारत सरकार के अधीन कम से कम छः मास तक की अवधि तक निरंतर नियोजित रहा हो तथा जिसकी किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु अन्यथा आवेदन पत्र देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के फलस्वरूप अथवा स्थापना में सामान्य रूप से कमी किये जाने के कारण छटनी की गई हो अथवा जिसे अतिशेष घोषित किया गया हो :—

(एक) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें सेवानिवृत्ति रियायतों (मस्टरिंग आऊट कन्सेशन) के अधीन मुक्त कर दिया गया हो,

(दो) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें दुबारा नामांकित किया गया हो और—

(क) नियुक्ति की अल्पकालीन अवधि पूर्ण हो जाने पर,

(ख) नामांकन की शर्तें पूर्ण हो जाने पर, सेवा मुक्त कर दिया गया हो,

(तीन) मद्रास सिविल इकाई (यूनिट) के भूतपूर्व कार्मिक,

(चार) संविदा पूरी होने पर सेवा मुक्त किये गये अधिकारी (सैनिक तथा असैनिक) (जिसमें अल्पावधि सेवा में नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी भी शामिल हैं).

(पांच) अवकाश रिक्तियों पर छः माह से अधिक समय तक निरंतर कार्य करने के बाद सेवा मुक्त किये गये अधिकारी,

(छः) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें इस आधार पर सेवा से मुक्त किया गया हो कि अब वे सक्षम सैनिक नहीं बन सकेंगे,

(सात) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें गोली लग जाने, घाव आदि हो जाने के कारण चिकित्सीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया गया हो,

(आठ) असमर्थ होने के कारण सेवा से अलग किये गये भूतपूर्व सैनिक.

(ङ) परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रीनकार्ड धारक अभ्यर्थियों के लिये भी उच्चतर आयु सीमा अधिकतम दो वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(च) जनजाति, अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन कार्यक्रम के अंतर्गत पुरस्कृत दम्पत्तियों के सवर्ण पति/पत्नी के संबंध में उच्चतर आयु सीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(छ) शहीद राजीव पांडे पुरस्कार, गुण्डाधूर सम्मान तथा महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव पुरस्कार प्राप्त अभ्यर्थियों तथा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त युवा अभ्यर्थियों के संबंध में उच्चतर आयु सीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(ज) ऐसे अभ्यर्थियों के संबंध में जो छत्तीसगढ़ राज्य निगम/मण्डल के कर्मचारी हैं, उच्चतर आयु सीमा 38 वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(झ) स्वयं सेवी नगर सैनिकों एवं नगर सेना के नान कमीशन्ड अधिकारियों को उनके द्वारा इस प्रकार पूर्ण की गई सेवा की कालावधि के लिए उच्चतर आयु सीमा में 8 वर्ष की सीमा के अध्यधीन रहते हुए छूट दी जायेगी, किन्तु किसी भी मामले में उनकी आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा आयु सीमा के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश लागू होंगे.

टिप्पणी - (1) ऐसे अभ्यर्थी, जो उपर्युक्त नियम 8 के खण्ड (घ) के उप खण्ड (एक) तथा (दो) में उल्लिखित आयु संबंधी रियायतों के अधीन चयन हेतु पात्र पाये गये हो, यदि आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात् या तो चयन के पूर्व या उसके पश्चात् सेवा से त्याग पत्र दे देते हैं तो वे नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे, तथापि यदि आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात् उनकी सेवा या पद से छटनी की जाती है तो वे पात्र बने रहेंगे, किसी अन्य मामले में आयु सीमा शिथिल नहीं की जायेगी.

टिप्पणी - (2) विभागीय अभ्यर्थियों को परीक्षा/चयन के लिए उपसंजात होने के लिये नियुक्ति प्राधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त करनी होगी.

(ञ) किसी भी मामले में उपरोक्तानुसार एक या एक से अधिक आधार पर छूट का लाभ दिये जाने के उपरांत भी शासकीय सेवा हेतु पात्र होने के लिये अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

(दो) **शैक्षणिक अर्हतायें.**— अभ्यर्थी के पास सेवा के लिए निर्धारित ऐसी शैक्षणिक अर्हताएं होनी चाहिये जैसी की अनुसूची-तीन में दर्शाई गयी हैं परन्तु :—

(क) नियुक्ति प्राधिकारी आपवादिक मामलों में किसी ऐसे अभ्यर्थी को अर्ह मान सकेगा, जो यद्यपि इन नियमों में विहित अर्हताओं में से कोई अर्हता न रखता हो किन्तु जिसने अन्य संस्थाओं/विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित परीक्षा ऐसे स्तर से उत्तीर्ण की हो, जिससे नियुक्ति प्राधिकारी, अभ्यर्थी को परीक्षा/चयन में उपस्थित होने का पात्र समझे, तथा

(ख) ऐसे अभ्यर्थियों, जो अन्यथा अर्ह हैं, किन्तु जिन्होंने विदेशी विश्वविद्यालयों से उपाधि ली हो जो ऐसे विश्व-विद्यालय हैं जिन्हें सरकार द्वारा विशेष रूप से मान्यता नहीं दी गई हो, पर भी नियुक्ति प्राधिकारी के स्वविवेक से परीक्षा/चयन में उपस्थित होने के लिये विचार किया जा सकेगा.

(तीन) **फीस.—** अभ्यर्थी को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा विहित फीस का भुगतान करना होगा.

9. **निरर्हता.—** अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए किन्हीं भी साधनों से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा परीक्षा/चयन में उपस्थित होने के लिये उसे निरर्हित माना जा सकेगा.

10. **अभ्यर्थियों की पात्रता के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा.—** चयन के लिये किसी अभ्यर्थी की पात्रता या अन्यथा के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा और ऐसे अभ्यर्थी को जिसे नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रवेश प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया है, परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थिति हेतु अनुज्ञात नहीं किया जायेगा.

11. प्रतियोगिता परीक्षा/चयन द्वारा सीधी भर्ती.—

(1) **प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती—** नियुक्ति प्राधिकारी, एक चयन समिति गठित करेगा, जिसमें तीन सदस्य होंगे.

(एक) सेवा में भरती के लिये प्रतियोगिता परीक्षा ऐसे अंतरालों से ली जावेगी जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी, सरकार के परामर्श से समय-समय पर अवधारित करें.

(दो) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा परीक्षा आदेशों के अनुसार संचालित की जायेगी जैसे की सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किये जाएं.

(2) **चयन द्वारा सीधी भर्ती-**

(एक) सेवा में सीधी भरती के लिये चयन ऐसे अंतरालों से किया जायेगा जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी अवधारित करें.

(दो) चयन समिति द्वारा अभ्यर्थियों का चयन उनके साक्षात्कार पर आधारित रहेगा.

(तीन) चयन समिति नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समुचित समय अंतरालों पर गठित की जावेगी.

(3) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिये, सीधी भर्ती के प्रक्रम पर पदों को छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) में अंतर्विष्ट उपबंधों और राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार आरक्षित किया जायेगा.

(4) इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को भरते समय, उन अभ्यर्थियों की जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के सदस्य हैं, की नियुक्ति पर विचार उसी क्रम में किया जायेगा जिस क्रम में उनके नाम नियम 12 में निर्दिष्ट सूची में आये हों, चाहे अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षिक रैंक कुछ भी क्यों न हो.

(5) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के उन अभ्यर्थियों को जिन्हें समिति द्वारा प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए, सेवा में नियुक्ति के लिये उपयुक्त घोषित किया गया हो, यथास्थिति, उप-नियम (3) के अंतर्गत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित रिक्तियों पर नियुक्त किया जा सकेगा.

(6) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति हेतु विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार 30 प्रतिशत पद महिला अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित रखे जायेंगे.

(7) ऐसे मामलों में, जहां सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिये कुछ कालावधि का अनुभव आवश्यक शर्त के रूप में विहित किया गया है और सक्षम प्राधिकारी की राय में यह पाया जाये कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, वहां सक्षम प्राधिकारी राज्य सरकार के परामर्श से अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये अनुभव की शर्त को शिथिल कर सकेगा.

(8) निःशक्त अभ्यर्थियों के लिये सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के अनुसार पद आरक्षित रखे जायेंगे.

12. **समिति द्वारा सिफारिश किये गये अभ्यर्थियों की सूची.—**

(1) चयन समिति, उन अभ्यर्थियों की योग्यता के क्रम में एक सूची जो ऐसे स्तर से अर्हित हो, जैसा कि चयन समिति द्वारा अवधारित किया जाये तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के उन अभ्यर्थियों की सूची, जो यद्यपि उस स्तर से अर्हित नहीं है, किन्तु प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए, चयन समिति द्वारा सेवा में नियुक्ति के लिये उपयुक्त घोषित किया गया है, तैयार करेगी और नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रेषित करेगी. सूची सर्वसाधारण की जानकारी के लिये भी प्रकाशित की जायेगी.

(2) इन नियमों तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, उपलब्ध रिक्तियों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिये उसी क्रम में विचार किया जायेगा जिसमें कि उनके नाम सूची में आये हों.

(3) सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम शामिल किये जाने से ही उसे तब तक नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होता, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी का, ऐसी जांच करने के पश्चात् जैसा कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान न हो जाये कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त है.

13. **पदोन्नति द्वारा नियुक्ति :—**

(1) पात्र अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन करने के लिये एक समिति गठित की जायेगी. जिसमें अनुसूची-चार के कॉलम (5) में यथा उल्लिखित सदस्य होंगे.

परन्तु इस उप-नियम के अंतर्गत समिति के गठन के प्रयोजन के हेतु छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) की धारा 8 के उपबंधों का भी अनुसरण किया जायेगा.

(2) समिति का सम्मिलन ऐसे अन्तरालों में से किया जायेगा जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी निर्देशित करें किन्तु वह साधारणतः एक वर्ष से अधिक का नहीं होगा.

(3) छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के अनुसार पदोन्नति की जायेगी.

(4) आरक्षित रिक्तियों में पदोन्नति करने हेतु प्रक्रिया सरकार/सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये अनुदेशों के अनुसार होगी.

14. **पदोन्नति के लिये पात्रता की शर्तें.—**

(1) समिति उन सभी व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी जिन्होंने उस वर्ष की जनवरी के प्रथम दिन को, अनुसूची-चार के कॉलम (4) में उल्लिखित पद/सेवा में या शासन द्वारा उसके समतुल्य घोषित किये गये किसी अन्य पद या पदों पर (चाहे स्थानापन्न रूप से या मूल रूप में) जैसा कि अनुसूची-चार के कालम (2) में दर्शित हैं सेवा की कालावधि पूर्ण कर ली हो.

